PATLIPUTRA UNIVERSITY
PATNA-800020

E-mail:- patliputrauniversity2018@gmail.com

Ref.no:- DSW/21/PPU/2026

Date:- 27/01/2026

अतिआवश्यक सूचना

P.G. (Self Finance) सत्र 2025–27 **MBA, MCA, M.Sc.(Bio.Tec.), P.G.D.C.R., M.Lis & B.Lis** में नामांकित विद्यार्थियों/महाविद्यालयों/अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि पुनः एक अन्तिम मौका देते हुए ऐसे नामांकित विद्यार्थियों का सूचीकरण **(Registration)** दिनांक 28.01.2026 से 30.01.2026 तक **online** जमा किया जायेगा।

यदि कोई विद्यार्थी सूचीकरण **(Registration)** से वंचित रह जाते हैं तो उनका नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

जो विद्यार्थी पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से स्नातक किये हैं अथवा स्नातक करने के उपरान्त बी.एड. या कोई अन्य कोर्स किये हैं उन विद्यार्थियों को सूचीकरण **(Registration)** कराने की आवश्यकता नही है, परन्तु सूचीकरण सं0 **(Registration no./PPUP Enrollment no.)** नामांकन प्रपत्र में सही अंकित है या नही यह सुनिश्चित हों लें। अगर सूचीकरण सं0 अंकित नही है या गलत अंकित हो तो ऐसी स्थिति में अपने पूर्व के सूचीकरण प्रमाण पत्र **(Registration Slip)** की छायाप्रति को महाविद्यालय में जाकर अपने सूचीकरण **(Registration no./PPUP Enrollment no.)** का **correction** निश्चित रूप से करवा लें अन्यथा वे परीक्षा प्रपत्र नही भर सकेंगे। सूचीकरण सं0 **correction** की पुष्टि अपने **Admission form** को **download** कर सुनिश्चित करे लें।

वैसे विद्यार्थी जो पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से **Migration** लेकर किसी अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान में नामांकन लेने के उपरान्त पुनः पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर के किसी विषय में नामांकन लेते हैं उन्हें पुनः सूचीकरण **(Registration)** कराना अनिवार्य है परन्तु ऐसे विद्यार्थी पूर्व के सूचीकरण प्रमाण पत्र **(Registration Slip)** की छायाप्रति को महाविद्यालय में जमा करेंगे जहाँ से उनका **Registration verification** किया जाएगा।

अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण किए हुए नामांकित विद्यार्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे अपना **Migration upload** करने के साथ–साथ **Migration** की विवरणी भी **upload** करेंगें, उसके उपरान्त अपने सूचीकरण फार्म को **submit** कर शुल्क जमा करेंगें एवं उसकी छायाप्रति अपने महाविद्यालय में जमा करेंगे जहाँ से उनका **Registration verification** किया जाएगा। महाविद्यालय के **Login** में **Registration Verification** करने का बटन दिया गया है, जिसमें **Registration Verification** के पूर्व छात्र के अनुरोध पर उनके प्रोफाईल में यथा– पिता/माता का नाम, जन्म तिथि, **Religion, Migration certificate/Migration Details** में संशोधन कर सकते हैं।

P.G. (Self Finance) MBA, MCA, M.Sc.(Bio.Tec.), P.G.D.C.R., M.Lis & B.Lis के लिए Registration Fee structure			
01	Other University से स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए	461 (Without Late fine)	कुल 461/–

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार।
ह0/–
डी.एस.डब्लू.
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञापांक: DSW/21/PPU/2026 दिनांक 27/01/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु–
(1) सभी महाविद्यालयों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
(2) माननीय कुलपति/कुलसचिव महोदय के निजी सचिव।
(3) वित्त सलाहाकार/वित्त पदाधिकारी,/कुलानुशासक/परीक्षा नियंत्रक, पी.पी.यू.।

27/01/26

डी.एस.डब्लू.
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।

Vijay
27/1/2026